>

Title: Regarding notices of Adjournment Motion.

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं । माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मुझे एक मिनट दीजिए । सर, बात यह है और मुझे मेरी बात खत्म करने तक का मौका दीजिए । इस वर्षाकालीन सत्र का तीसरा हफ्ता बीतने जा रहा है, फिर भी काम-काज ठप्प पड़ा हुआ है । … (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति जी, इनको वेल में अलाउ कर रहे हैं, इनको अपनी सीट पर तो जाने दीजिए ।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपको अपनी सीट पर जाना चाहिए । आपके नेता कुछ बोल रहे हैं ।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आपके नेता कुछ बात रख रहे हैं ।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, मैं सरकार से यह दरख्वास्त करूंगा कि सरकार विपक्ष से बात करे । … (व्यवधान)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): First, the Members should go back to their seats. Then, he should speak. … (*Interruptions*)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, सरकार कड़ा रुख न अपनाते हुए हम सबसे वार्ता करे । … (व्यवधान) मैं सरकार को इसके साथ चेतावनी भी देता हूं । सर, 'मन की बात" कहता हूं । मैं एक मिनट या 40 सेकेण्ड में अपनी बात खत्म करूंगा । हम सरकार को यह चेतावनी देते हैं कि ये दबदबा, ये हुकुमत, ये नशा, ये दौलतें, ये किरायेदार हैं, घर बदलते हैं । … (व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : अधीर रंजन जी, गलत तथ्य पेश कर रहे हैं । … (व्यवधान) अगर चर्चा करने के लिए तैयार हैं तो एन. के. प्रेमचन्द्रन जी का कोविड मैनेजमेंट लगा हुआ है । वह विपक्ष का ही लगा हुआ है । हम चर्चा के लिए तैयार हैं, हम भाग थोड़े ही रहे हैं । … (व्यवधान)

12.02 hrs